तू ही दुर्गा तू ही महाकाली

तू ही दुर्गा तू ही महाकाली सबकी झोली माँ तू भरने वाली,
तेरा मेरा है जन्मो का नाता मैं हु बेटा और तू मेरी माता,
तू बनाती है माँ सबकी बिगड़ी जो भी आता है दर पे सवाली,
तू ही दुर्गा तू ही महाकाली......

तूने तारा रुक्मण को माँ तारा श्री दर पंडित को पार उतरा,
मैया वैष्णो का रूप लेके तूने भेरो बलि को था मारा,
दर्शन देके मेरे भाग जगा दे भव में नैया मेरी पार लगा दे,
बड़ी उम्मीद से आया हु तेरे दर पे,
आया दर पे अम्बे मैया लेके हाथो में पूजा की थाली,
तू ही दुर्गा तू ही महाकाली......

शेर पे तू सवार होके आना मैया बिलकुल ना देर लगना,
पापो से कलयुग भरा है तेरे चरणों का है बीएस ठिकाना,
पाप और ताप मैया सह नही जाए तेरे मंदिर के सिवा और कहा जाए,
तेरे आंचल की छइया तले माँ मेरी होली है मेरी दिवाली,
तू ही दुर्गा तू ही महाकाली.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3787/title/tu-hi-durga-tu-hi-mahakali-sabki-jholi-maa-tu-bharne-vali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |